Annex

**<u>Media clips of Re-KYC campaign (19-25 September 2025)/</u>** <u>री-केवाईसी अभियान की मीडिया क्लिप्स (</u>**<u>19-25</u>** <u>सितम्बर</u> **<u>2025)</u>**

1. RO – Dehradun Regional Office / क्षेत्रीय कार्यालय - देहरादून क्षेत्रीय कार्यालय
    a. State – Uttarakhand / राज्य - उत्तराखंड
    b. District – Dehradun / जिला - देहरादून
    c. Block – Vikasnagar/ ब्लॉक - विकासनगर
    d. Gram Panchayat – Sorna Dobri Odariya / ग्राम पंचायत - सोरना डोबरी ओडरिया
    e. Attended by – Shri Arvind Kumar, Regional Director / श्री अरविंद कुमार, क्षेत्रीय निदेशक

Images of camp/ शिविर की तस्वीरें:



Print media/ digital media/ social media clips of the camps/ शिविरों की प्रिंट मीडिया/डिजिटल मीडिया/सोशल मीडिया क्लिप:

## एसबीआई लांघा ने सोरना डोभरी में वित्तीय समावेशन संतृप्ति शिविर किया आयोजित



शेयर करें!

posted on : सितम्बर 20, 2025 12:34 पूर्वाह्न

- **ग्रामीणों को वित्तीय योजनाओं और डिजिटल सुरक्षा के बारे में जागरूक किया गया**
- **भारतीय रिज़र्व बैंक, नाबार्ड, एसबीआई और बैंक ऑफ बड़ौदा के वरिष्ठ अधिकारी रहे उपस्थित**

**देहरादून :** भारतीय स्टेट बैंक लांघा शाखा द्वारा ग्रामसभा सोरना डोभरी में शुक्रवार को वित्तीय समावेशन संतृप्ति शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में ग्रामीणों को वित्तीय योजनाओं, बैंकिंग सेवाओं और डिजिटल सुरक्षा के महत्व पर विस्तृत जानकारी दी गई। इस अवसर पर भारतीय रिज़र्व बैंक के क्षेत्रीय निदेशक अरविंद कुमार, नाबार्ड के महाप्रबंधक शशि कुमार, भारतीय स्टेट बैंक के चैनल मैनेजमेंट के सहायक महाप्रबंधक जय प्रकाश और बैंक ऑफ बड़ौदा के उपमहाप्रबंधक अरविंद जोशी उपस्थित रहे। अधिकारियों ने ग्रामीणों को निष्क्रिय खातों को सक्रिय करने, रि-केवाईसी के महत्व, प्रधानमंत्री जनधन योजना, प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना और अटल पेंशन योजना के लाभों के बारे में जानकारी दी। शिविर में डिजिटल धोखाधड़ी से बचाव के उपाय भी बताए गए। इस अवसर पर अरविंद कुमार ने सभी से आग्रह किया कि वे इन योजनाओं और संदेशों को व्यापक रूप से फैलाएं तथा अन्य लोगों को भी इनके बारे में जागरूक करें।

International Year of Cooperatives

2025

Cooperatives Build a Better World

पत्र सूचना कार्यालय

PRESS INFORMATION BUREAU

भारत सरकार

Posted On: 19 SEP 2025 10:32PM by PIB Dehradun

देहरादून: भारतीय स्टेट बैंक लांघा शाखा द्वारा ग्रामसभा सोरना डोभरी में शुक्रवार को वित्तीय समावेशन संतृप्ति शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में ग्रामीणों को वित्तीय योजनाओं, बैंकिंग सेवाओं और डिजिटल सुरक्षा के महत्व पर विस्तृत जानकारी दी गई।

इस अवसर पर भारतीय रिज़र्व बैंक के क्षेत्रीय निदेशक श्री अरविंद कुमार, नाबार्ड के महाप्रबंधक श्री शशि कुमार, भारतीय स्टेट बैंक के चैनल मैनेजमेंट के सहायक महाप्रबंधक श्री जय प्रकाश और बैंक ऑफ बड़ौदा के उपमहाप्रबंधक श्री अरविंद जोशी उपस्थित रहे। अधिकारियों ने ग्रामीणों को निष्क्रिय खातों को सक्रिय करने, रि-केवाईसी के महत्व, प्रधानमंत्री जनधन योजना, प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना और अटल पेंशन योजना के लाभों के बारे में जानकारी दी।



शिविर में डिजिटल धोखाधड़ी से बचाव के उपाय भी बताए गए। इस अवसर पर श्री अरविंद कुमार ने सभी से आग्रह किया कि वे इन योजनाओं और संदेशों को व्यापक रूप से फैलाएं तथा अन्य लोगों को भी इनके बारे में जागरूक करें।

(Release ID: 2168815) Visitor Counter : 3

2. RO – Dehradun Regional Office / क्षेत्रीय कार्यालय - देहरादून क्षेत्रीय कार्यालय
    f. State – Uttarakhand / राज्य - उत्तराखंड
    g. District – Dehradun / जिला - देहरादून
    h. Block – Sahaspur/ ब्लॉक – सहसपुर
    i. Gram Panchayat – Sahaspur / ग्राम पंचायत – सहसपुर
    j. Attended by – Shri Arvind Kumar, Regional Director / श्री अरविंद कुमार, क्षेत्रीय निदेशक

Images of camp / शिविर की तस्वीरें:



Print media/ digital media/ social media clips of the camps | शिविरों की प्रिंट मीडिया/ डिजिटल मीडिया/सोशल मीडिया क्लिप:

## यूको बैंक ने री-केवाईसी एवं योजनाओं की जानकारी के लिए शिविर लगाया




देहरादून (वि)। खंड विकास कार्यालय, सहसपुर में भारतीय रिजर्व बैंक के तत्वावधान में यूको बैंक अंचल कार्यालय ने री-केवाईसी और सरकारी जन सुरक्षा योजनाओं की जानकारी देने के लिए जागरूकता शिविर का आयोजन किया। शिविर में 100 से अधिक लोगों ने भाग लिया। इस मौके पर भारतीय रिजर्व बैंक के क्षेत्रीय निदेशक अरविंद कुमार ने री-केवाईसी की महत्ता की जानकारी साझा की। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री जनधन योजना में खुले खातों को लगभग 10 वर्ष पूर्ण होने की वजह से अब सभी बैंकों में खोले गए खातों में री-केवाईसी प्रक्रिया को पूर्ण करना आवश्यक है। नाबार्ड से महाप्रबंधक शशि कुमार, यूको बैंक अंचल प्रबंधक रणधीर कुमार, जिला अग्रणी बैंक पीएनबी से जिला अग्रणी प्रबंधक संजय भाटिया, खंड विकास अधिकारी मुन्नी शाह एवं यूको बैंक अंचल कार्यालय के उप अंचल प्रमुख अमिष नाथ झा ने योजनाओं की महत्वपूर्ण जानकारी दी। शिविर में राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन से प्रबंधक संगीता मौर्या ने भी भाग लिया।

3. RO – Dehradun Regional Office / क्षेत्रीय कार्यालय - देहरादून क्षेत्रीय कार्यालय
    a. State – Uttarakhand/ राज्य - उत्तराखंड
    b. District – Pauri Garhwal / जिला - पौड़ी गढ़वाल
    c. Block- Dugadda/ ब्लॉक- दुगड्डा
    d. Gram Panchayat – Fathepur / ग्राम पंचायत – फतेहपुर
    e. Attended by – Shri Arvind Kumar, Regional Director / श्री अरविंद कुमार, क्षेत्रीय निदेशक

Images of camp / शिविर की तस्वीरें:






Print media/ digital media/ social media clips of the camps | शिविरों की प्रिंट मीडिया/ डिजिटल मीडिया/सोशल मीडिया क्लिप:



# खाताधारक जन-धन खातों की करा लें दोबारा केवाईसी

## आरबीआई की ओर से आयोजित शिविर में किया गया जागरूक

संवाद न्यूज एजेंसी

दुगड्डा (कोटद्वार)। जिला सहकारी बैंक दुगड्डा की ओर से दस वर्ष पुराने जन-धन खातों की रि-केवाईसी के लिए फतेहपुर में शिविर आयोजित किया गया।

भारतीय रिजर्व बैंक के अधिकारियों ने बैंक खाताधारकों को जागरूक किया। आरबीआई के क्षेत्रीय निदेशक अरविंद कुमार ने कहा कि रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया भारत सरकार की ओर से कई योजनाएं संचालित हैं। उन्होंने इन योजनाओं का निःसंकोच होकर लाभ उठाने की सलाह दी।

बताया कि जन-धन खाते दस वर्ष की अवधि पूर्ण कर चुके हैं। उनकी रि-केवाईसी न कराने से वह निष्क्रिय हो जाएंगे। उन्होंने बताया कि दस वर्षों में जो भी बदलाव आए हैं, उसके लिए आवश्यक दस्तावेज जमा कराने अनिवार्य हैं।

लीड बैंक प्रबंधक मीनाक्षी शुक्ला ने जन-धन खातों की रि-केवाईसी, केसीसी, सामाजिक सुरक्षा आदि की जानकारी दी। डीजीएम जिला सहकारी बैंक कोटद्वार अजय दुर्गापाल के संचालन में आयोजित जागरूकता शिविर में आरबीआई अधिकारी रजनीश सैनी, एफएलसी पौड़ी विक्रम सिंह नेगी, फील्ड कोऑर्डिनेटर अमरीश कुकरेती, शाखा प्रबंधक एवं अनुभाग अधिकारी ट्विंकल रावत के अलावा समूह की महिलाएं व ग्रामीण मौजूद रहे।

दुगड्डा के फतेहपुर में दस वर्ष पुराने जन-धन खातों की केवाईसी के लिए लगे शिविर में शामिल बैंक अधिकारी एवं खाताधारक। संवाद

## वित्तीय समावेश संतृप्तिकरण अभियान में लगा जागरूकता शिविर

कण्वघाटी/किशनपुर। भाबर झंडीचौड़ पूर्वी में वित्तीय समावेश संतृप्तिकरण अभियान के तहत बैंक ऑफ बड़ौदा कोटद्वार शाखा की ओर सेजागरूकता शिविर आयोजित किया गया। शिविर में आरबीआई के क्षेत्रीय निदेशक अरविंद कुमार ने प्रधानमंत्री जन धन योजना, अटल पेंशन योजना, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति योजना, प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजनाओं की जानकारी दी। उन्होंने बैंकों में अपने खाते खुलवाकर सरकार अनुदान योजनाओं समेत अन्य लाभ लेने की सलाह दी। उन्होंने समय समय पर अपने बैंक खातों का केवाईसी अपडेट करवाते रहने की सलाह दी। साथ ही डिजिटल धोखाधड़ी से बचने के लिए किसी भी अनजान लिंक को नहीं खोलने और अपना ओटीपी साझा नहीं करने का सुझाव दिया। शिविर में आरबीआई, एसबीआई, बैंक ऑफ बड़ौदा समेत विभिन्न बैंकों के अधिकारी एवं खाताधारक मौजूद रहे। संवाद

4. RO – Dehradun Regional Office / क्षेत्रीय कार्यालय - देहरादून क्षेत्रीय कार्यालय
    a. State – Uttarakhand/ राज्य - उत्तराखंड
    b. District – Pauri Garhwal / जिला - पौड़ी गढ़वाल
    c. Block- Dugadda/ ब्लॉक- दुगड्डा
    d. Gram Panchayat – Jhandichaur / ग्राम पंचायत – झंडीचौड़
    e. Attended by – Shri Arvind Kumar, Regional Director / श्री अरविंद कुमार, क्षेत्रीय निदेशक

Images of camp / शिविर की तस्वीरें:



Print media/ digital media/ social media clips of the camps | शिविरों की प्रिंट मीडिया/ डिजिटल मीडिया/

एक नजर .......

# उत्तराखंड ग्रामीण बैंक द्वारा केवाईसी जागरूकता शिविर का आयोजन

**कोटद्वार ।** उत्तराखंड ग्रामीण बैंक ने रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया के साथ मिलकर कुम्भीचौड, कोटद्वार में एक केवाईसी जागरूकता शिविर का आयोजन किया। इस कार्यक्रम में 150 से अधिक ग्राहकों ने भाग लिया ।क्षेत्रीय निदेशक, आरबीआई अरविंद कुमार ने ई-केवाईसी पर विस्तृत जानकारी दी और इसके महत्व को रेखांकित किया। हरि हर पटनायक, अध्यक्ष, ग्रामीण बैंक ने ग्राहकों को धोखाधड़ी से बचाने के लिए दस्तावेजों को अद्यतन रखने के महत्व पर जोर दिया वहीं देवेश जोशी, क्षेत्रीय प्रबंधक, यूजीबी ने कहा कि यह पहल बैंक की ग्राहक जागरूकता और सुरक्षा बढ़ाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। केवाईसी अनुपालन के बारे में ग्राहकों को शिक्षित करके, बैंक एक सुरक्षित बैंकिंग वातावरण को बढ़ावा देने और संभावित धोखाधड़ी को रोकने का प्रयास करता है। इस शिविर में आरबीआई, लीड बैंक और यूजीबी के अधिकारियों की उपस्थिति रही।

5. RO – Dehradun Regional Office / क्षेत्रीय कार्यालय - देहरादून क्षेत्रीय कार्यालय

a. State – Uttarakhand/ राज्य - उत्तराखंड
b. District – Pauri Garhwal / जिला - पौड़ी गढ़वाल
c. Block- Dugadda/ ब्लॉक- दुगड्डा
d. Gram Panchayat – Kishanpuri / ग्राम पंचायत – किशनपुरी
e. Attended by – Shri Arvind Kumar, Regional Director / श्री अरविंद कुमार, क्षेत्रीय निदेशक

Images of camp / शिविर की तस्वीरें:






Print media/ digital media/ social media clips of the camps | शिविरों की प्रिंट मीडिया/ डिजिटल मीडिया/सोशल मीडिया क्लिप: उपलब्ध नहीं है।

6. RO – Dehradun Regional Office / क्षेत्रीय कार्यालय - देहरादून क्षेत्रीय कार्यालय

a. State – Uttarakhand/ राज्य - उत्तराखंड
b. District – Pauri Garhwal / जिला - पौड़ी गढ़वाल
c. Block- Dugadda/ ब्लॉक- दुगड्डा
d. Gram Panchayat – Jhandichaur / ग्राम पंचायत – झंडीचौड़
e. Attended by – Shri Arvind Kumar, Regional Director / श्री अरविंद कुमार, क्षेत्रीय निदेशक

Images of camp / शिविर की तस्वीरें:

